महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक– 1277 / कु0का0 / 2023 दिनांक– 24 / 03 / 2023

कार्यालय आदेश

विषयः प्रायोगिक परीक्षा में शुचिता बरतने एवं छूटे हुए छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा अलग से कराने के सम्बन्ध में।

संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक परीक्षा के दौरान अनुपस्थित छात्र–छात्राओं की भी उपस्थिति दर्ज करने एवं अंक प्रदान किए जाने हेतु वाह्य परीक्षकों पर दवाब बनाया जाता है/विवाद उत्पन्न किया जाता है, जो कि विश्वविद्यालय नियमों के सर्वथा विरूद्ध है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि कोई छात्र–छात्रा अपरिहार्य कारणों से प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाता है, तो विश्वविद्यालय छात्रहित में ऐसे छूटे हुए छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा अलग से सम्पन्न कराने का अवसर प्रदान करेगा। ऐसी छूटी हुई प्रायोगिक परीक्षा पुनः सम्पन्न कराने हेतु महाविद्यालय अपनी यथोचित संस्तुति के साथ ऐसे छात्रों की सूची (छात्र का नाम व अनुक्रमांक सहित) अधोहस्ताक्षरी को सम्पादित हुई प्रायोगिक परीक्षा के तीन दिन के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करेगें। तब यह छूटी हुई परीक्षा निर्धारित शुल्क के साथ एक केन्द्र निर्धारित कर उस पर शीघ्र ही सम्पन्न कराई जाएगी। कोई भी महाविद्यालय वाह्य परीक्षकों पर अनुपस्थित छात्रों को उपस्थित दर्शाने/अंक प्रदान करने के लिए दवाब न बनाए अन्यथा की स्थिति में प्राप्त शिकायत पर विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

अतः समस्त प्राचार्यगण/प्रबन्धकगण तद्नुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. प्राचार्यगण/प्रबन्धकगण समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय आजमगढ़/मऊ।
3. मीडिया प्रभारी को इस निर्देश के साथ कि विभिन्न दैनिक समाचार–पत्रों में जनहित में निशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. वेबसाइट प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव